राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार 2015

राजस्व लोक अदालत "न्याय आपके द्वार" कैम्प 2015 ग्राम पंचायत खीमाखेडा
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर भीम
(नरेन्द्र कुमार जैन पीठासीन अधिकारी लोक अदालत/कैम्प कोर्ट)
कैम्प कोर्ट का स्थान :– ग्राम पंचायत खीमाखेडा

प्रकरण सं.– 39/2013 प्रा.प्र.

निर्णय दिनांक– 02 जुलाई, 2015

1. श्री लक्ष्मणसिंह पिता जालमसिंह जाति रावत निवासी उदामाना का कोट तहसील भीम
2. श्री उदयसिंह पिता जालमसिंह जाति रावत निवासी उदामाना का कोट तहसील भीम

प्रार्थी

बनाम

1. श्री प्रेमसिंह पिता हजारीसिंह जाति रावत निवासी उदामाना का कोट तहसील भीम
2. श्री देवीसिंह पिता कानसिह जाति रावत निवासी उदामाना का कोट तहसील भीम
3. श्री कालुसिंह पिता कानसिह जाति रावत निवासी उदामाना का कोट तहसील भीम
4. श्री कुंपसिंह पिता खीमसिंह जाति रावत निवासी उदामाना का कोट तहसील भीम
5. श्री चुनसिंह पिता उदयसिंह जाति रावत निवासी उदामाना का कोट तहसील भीम
6. श्री देवीसिंह पिता केशरसिंह जाति रावत निवासी उदामाना का कोट तहसील भीम
7. श्री किशनसिंह पिता टेकरिंह जाति रावत निवासी उदामाना का कोट तहसील भीम

अप्रार्थीगण

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 राज. लेण्ड रेवेन्यु एक्ट
वास्ते कराये जाने पक्की पत्थरगढी

यह कि ग्राम भीम पटवार हल्का भीम तहसील भीम में निम्न विवरण वाली आराजी कृषि भुमि आई हुई है:–

खाता संख्या	खसरा नं.	रकबा			किस्म
		बीघा	बिस्वा	बिस्वांसी	
678	4014	00	13	00	बंझड
	4016	00	09	00	बारानी 1
	4017	06	16	00	बंझड
कुल किता 03 रकबा 08 बीघा					

उक्त भूमि के पडौस निम्न प्रकार है:–

पूर्व में:– प्रेमसिंह व अन्य का खेत

पश्चिम में :– पडत

उत्तर में:– पडत

दक्षिण :– कुपसिंह व अन्य का खेत

मौके पर विपक्षी को अपनी जमीन की सीमा चिन्ह की जानकारी न होने की वजह से आये दिन पाली डोली को लेकर अक्सर विवाद बना रहता है तथा कई बार झगडा भी हो गया है। एवं अप्रार्थीगणो को भी अपनी भूमि की सही सीमा जानकारी नही होने से वह हमारे क्षेत्राधिकार की भूमि में घुस रहे तथा हमने मना किया तो मान नही रहे है और कहते है कि हम तो हमारी इच्छा होगी वहा पर चार दिवारी या मेडवन्दी करेंगे। इस प्रकार से हम प्रार्थीगण बारिश के मौसम मे हमेशा परेशान होते है एव उक्त भूमि की पाल डोल लगाकर उन्नत एंव विकसित करना चाहते है। परन्तु सही सीमा नही होने से हर समय विवाद होता रहता है।

खाता संख्या 678 के आराजी संख्या 4014, 4016, 4017 की कृषि भूमि कुल किता 3 रकबा 8 बीघा जो कि राजस्व रिकार्ड की जमाबन्दी मे दर्ज है जिसकी मौके पर सीमा जानकारी करवाकर पक्की पत्थरगढी कराये जाने के आदेश फरमावे।

अतः वादी का वाद प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर **राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार 2015 कैम्प भीम** में प्रार्थी एवं अप्रार्थीगणो को बाद समझाईश आपसी राजीनामे से प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। उपरोक्त वर्णित आराजियात का दोनो पक्षो की उपस्थिति में पत्थरगढी कराये जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार भीम को लिखा जावे कि प्रार्थी से नियमानुसार शुल्क जमा करा उक्त विवादित भूमि की पत्थरगढी करा पालना से अवगत करावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

पीठासीन अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी, भीम
जिला - राजसमन्द

Scanned by CamScanner